# प्रदेश के छह जिलों ने तैयार कीं निवेश परियोजनाएं

लखनऊ,विशेष संवाददाता। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के लिए छह जिलों ने 68 हजार करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं तैयार कर ली हैं जबकि सभी जिलों ने अब 7.25 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश वाली योजनाएं पक्की कर ली हैं।

23 जनवरी तक 6 जिले ऐसे सामने आए हैं, जिन्होंने शत-प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य की प्राप्ति कर ली है। इनमें चंदौली, हरदोई, अमेठी, बरेली, गोंडा और फतेहपुर जैसे जिले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों ने भी पूरी ताकत झोंक दी है।